दानह के डॉ. बीबीए गवर्नमेंट पोलिटेकनिक, करांड में वर्कशॉप का हुआ आयोजन

– मानवसंसाधन मंत्रालय के राष्ट्रीय अप्रेन्टिस प्रशिक्षण योजना पर मुंबई के बोट(डब्ल्यूआर) के सहयोग से की गई कार्यशाला

असली आजादी ब्यूरो, सिलवासा, 6 सितंबर। दानह के करांड स्थित पॉलिटेकनिक कॉलेज में राष्ट्रीय अप्रेन्टिस प्रशिक्षण योजना पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। मानवसंसाधन मंत्रालय के इस कार्यक्रम का आयोजन मुंबई के बोट(डब्ल्यूआर) के सहयोग से किया गया। स्थानीय कंपनी बोटास, डाबर, स्टरलाइट सहित के एचआर और प्रशासनिक मैनेजरों ने इस वर्कशॉप में भाग लिया और लाभ लिया। दानह के फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रिज एसो. सेक्रेटरी अतुल शाह विशेष तौर पर कार्यक्रम में उपस्थित रहे। बोट(डब्ल्यूआर)मुंबई के सहायक निदेशक एन.सी.गंग्दे, पॉलिटेकनिक प्रिंसिपल दानिक्स अधिकारी प्रियंका कुमारी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे और सभी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय अप्रेन्टिस प्रशिक्षण योजना में पंजीकरण करने की अपील की और डिप्लोमा पास हुए विद्यार्थियों को इस अप्रेन्टिस प्रशिक्षण अवसर का लाभ लेने की हिदायत दी। कार्यक्रम के अंत में भाग लेनेवाले सभी प्रतिभागियों को वर्कशॉप सहभागिता प्रमाणपत्र से नवाजा गया। वर्कशॉप को-ओर्डिनेटर डॉ. भगवानजी झा ने संस्थान के प्रशिक्षण प्लेसमेंट सेल द्वारा किये गये प्रयासों की जानकारी दी। वर्कशॉप के सफल आयोजन में कॉलेज की टीम के. बी. पटेल, मनिषा जी. देसाई, अनिल पाटिल एवं संजय सोलंकी ने पूरा सहयोग दिया और प्रशंसनीय कार्य किया।